खंड 1 संख्या 24

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(भाग—1—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बृहस्पतिवार, तिथि 24 जुलाई, 1980 ई० ।

विषय सूची ।


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—31, 54, 56 एवं 57 | 1—9 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—628, 630, 1180, 1181, 1182, 1183, 1184, 1185, 1186, 1188, 1191, 1200, 1201, 1209, 1229, 1230, 1245, 1253, 1255, 1264 एवं 1275 । | 10—40 |
| परिशिष्ट—(प्रश्नों के लिखित उत्तर) | 41—46 |
| दैनिक निबंध । | 47-48 |


टिप्पणी—किन्हीं माननीय सदस्यों एवं मंत्रियों से अपने भाषण के सम्बंध में कोई संशोधन प्राप्त नहीं हुए हैं ।

| क्रमांक | राजकीय उपक्रमों का नाम | भारक्षी/उपाध्यक्ष का नाम |
|---|---|---|
| 8 | पटना क्षेत्रीय विकास प्राधिकार | श्री रामसुन्दर दास, स० वि० स०, मुख्य मंत्री-सह-मंत्री, नागरिक विकास विभाग। |
| 9 | राँची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार | तदैव। |
| 10 | मुजफ्फरपुर क्षेत्रीय विकास प्राधिकार | तदैव। |
| 11 | राज्य वन विकास निगम | श्री ललित उरांव, स० वि० स०, वन मंत्री। |

शासन को मजबूत करने के प्रश्न पर सरकार अभी विचार कर रही है।

---

मो० हसीबुद्दीन का स्थानान्तरण।

1229. श्री यमुना सिंह—क्या मंत्री, कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही कि मो० हसीबुद्दीन, उप-समाहर्त्ता, पलामू (डालटेनगंज) में विगत आठ वर्षों से पदस्थापित हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी निदेशानुसार किसी भी पदाधिकारी को एक स्थान पर तीन वर्षों से अधिक नहीं रहने का प्रावधान है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो मो० हसीबुद्दीन को सरकार स्थानान्तरण करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, और नहीं, तो क्यों ?

डॉ० जगन्नाथ मिश्र—(1) श्री मो० हसीबुद्दीन, उप-समाहर्त्ता दिनांक 22 मार्च, 1973 से पलामू जिला के मुख्यालय अधिष्ठान में पदस्थापित हैं।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) श्री मो० हसीबुद्दीन का स्थानान्तरण आदेश दिया जा रहा है।

---